

उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका का विमोचन करते सीएम।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ता शांति प्रसाद तिवारी के निधन पर शोक जताया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं सांसद अजय भट्ट ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शांति प्रसाद तिवारी के आकस्मिक निधन पर उनके अठूरवाला स्थित निवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

### स्पंदन इंस्टीट्यूट में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। स्पंदन इंस्टीट्यूट में चित्रकला प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ जिस के बाद पुरुस्कार व सर्टिफिकेट वितरित किये गए, पर्यावरण संरक्षण और उत्तराखंड पर्यटन स्थल विषय पर प्रतिभागियों ने बड़े जोश से अपनी कल्पनाशीलता के रंग उकेरे। स्पंदन इंस्टिट्यूट के प्रवक्ता लोकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतिभागी बच्चों का पर्यावरण संरक्षण पर सजग होना तथा विभिन्न चित्रकला के माध्यम से विषय पर अपने विचार व्यक्त करना एक सुखद अनुभूति है तथा समाज के लिए सन्देश है के यदि पर्यावरण संरक्षण पर सजगता नहीं दिखाई तो इसका खामियाजा हमारी आगे आने वाली पिरियों को उठाना पड़ेगा।

### परमार्थ निकेतन में 'लीव नो वन बिहाइंड समिट' का विधिवत उद्घाटन

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में तीन दिवसीय 'लीव नो वन बिहाइंड वैश्विक शिखर सम्मेलन' का आज विधिवत उद्घाटन छः धर्मो के धर्मगुरूओं यथा हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म और जैन धर्म, इस्लाम धर्म और क्रिश्चियन धर्म ने किया। परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में जिनेवा से आये जेम्स, जीवा, डब्ल्यू एस एस सी सी और एफएनएएसए के संयुक्त तत्वाधान में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारत सरकार की संयुक्त राष्ट्र टीम को वर्ष 2020 की स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा हेतु भारत सरकार को समर्थन और सहयोग प्रदान करना है।

### रियल मी ने ऑल न्यू 'रियलमी एक्स 2' लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज ऑल न्यू पॉवरफुल स्मार्टफोन रियलमी एक्स2 लॉन्च किया तथा एन्ड्रॉयड के लिए सर्वश्रेष्ठ ट्रू वायरलेस ईयरफोन्स, रियलमी बड्स एयर के साथ अपने एक्सेसरी पोर्टफोलियो का विस्तार किया। ये उत्पाद ब्रांड के अग्रणी टेक लाईफस्टाईल ब्रांड होने का प्रमाण हैं, जिसका उद्देश्य ऐसे दमदार उत्पाद प्रदान करता है, जो युवाओं की जिंदगी बेहतर बनाएं। ब्रांड के सिद्धांत, 'डेयर टू लीप' के अनुसार, रियलमी बड्स एयर ट्रूली वायरलेस होने के कॉन्सेप्ट में अग्रणी हैं।

## जनसम्पर्क के क्षेत्र में अनिल सती को किया गया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। हैदराबाद में आयोजित 41वें राष्ट्रीय पीआरएसआई सम्मेलन में पीआरएसआई देहरादून चौप्टर के सचिव अनिल सती को उत्कृष्ट कार्यां के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। अनिल सती ने इस उपलब्धि को प्रदेश का गौरव बताते हुए सम्मान का श्रेय अपनी पीआरएसआई टीम को दिया है। हैदराबाद स्थित एक होटल में आयोजित पीआरएसआई के राष्ट्रीय सम्मेलन में तेलंगाना के पर्यटन, युवा मामले और आबकारी कैबिनेट, मंत्री वी0 श्रीनिवास गौड ने देहरादून चौप्टर के सचिव अनिल सती को सम्मानित किया। अनिल सती ने सम्मेलन में आये सभी जनसम्पर्क और मीडियाकर्मियों का आभार जताते हुए अपनी टीम की एकजुटता और कार्यशैली की सराहना की।

## मतदाताओं का अलग-अलग वर्गवार पूरा डाटाबेस तैयार करें

**बैठक**

■ निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम बनाने तथा सहज पंजीकरण करवाने सम्बन्ध में बैठक

**निर्देशः** सभी दिव्यांग मतदाताओं का शत–प्रतिशत् पंजीकरण सुनिश्चित करने और पंजीकरण के अपडेट और सत्यापन इत्यादि को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिये।

देहरादून। **संवाददाता**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम बनाने तथा सहज पंजीकरण करवाने सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने मतदाता सूची को पूरी तरह से शुद्ध करने और अधिक से अधिक मतदाताओं को सूची में शामिल करने हेतु 'स्वीप' गतिविधियों के तहत् विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रचार करने तथा इस कार्य के लिए सम्बन्धित बीएलओ तथा सुपरवाईजर के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करते रहने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

उन्होंने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस रावत को मतदाता सूची में दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हीकरण (अंकन) करने के निर्देश दिये और दिव्यांगता के प्रकार सहित पूरा विवरण अपडेट करने को कहा जिससे निर्वाचन के समय विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांग मतदाताओं को सम्बन्धित बूथ पर दी जाने वाली विभिन्न सुविधायें देने में आसानी हो सके।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में दिव्यांग लोगों की संख्या में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिये गये डाटा और निर्वाचन के डाटा में लगभग 5 हजार का अन्तर आ रहा है, जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि यह गैप किस कारण से आ रहा है इसका ग्राउण्ड स्तर बीएलओ के माध्यम से घर–घर जाकर सत्यापन करें और किसी भी तरह से दोनों डाटा में गैप नही होना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मतदाताओं का अलग–अलग वर्गवार पूरा डाटाबेस तैयार करें और लोगों को मतदाता सूची में अधिक से अधिक शामिल करनें के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत् जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस रावत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति टोल फ्री न0 '1950' दिव्यांगजनों से सम्बन्धित सूचना दे सकता है।

# योजना चार धाम यात्रा को और अधिक सुगम बनायेगीः सीएम

**निरीक्षण**

सीएम ने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के निर्माण कार्यों को निरीक्षण किया | प्रत्येक जिले में सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम स्थापित करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन के निर्माण से पर्वतीय क्षेत्रों के विकास एवं चार धाम यात्रा को नये आयाम प्राप्त होंगे। इस रेल लाइन की शुरूआत में ऋषिकेश में बनने वाला सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन देश व दुनिया में उत्तराखण्ड की विशिष्ट पहचान बनाने के साथ ही राज्य को देश के विभिन्न भागों तक रेल सुविधायें उपलब्ध कराने में भी मददगार होगा। उन्होंने इस योजना की कार्य प्रगति के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों से जुड़े अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुखों से निर्माण कार्यों में और तेजी लाने के साथ ही रेलवे स्टेशनों के निर्माण में उत्तराखण्ड के शिल्प, संस्कृति एवं धार्मिक धरोहरों के स्वरूप को प्रदर्शित करने की भी अपेक्षा की।



रेल लाइन परियोजना के निर्माण कार्यों को निरीक्षण करते सीएम।

मंगलवार को ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन के निर्माण कार्यों का विभिन्न स्थानों पर स्थलीय निरीक्षण करने के पश्चात योग नगरी रेलवे स्टेशन ऋषिकेश में योजना से जुड़े अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड के लिये विशिष्ट महत्व की यह परियोजना निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता एवं समय बद्धता के साथ पूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य को न केवल विशिष्ट पहचान देने वाली होगी बल्कि चार धाम यात्रा को और अधिक सुगम बनायेगी। यह योजना संपूर्ण पर्वतीय क्षेत्र की लाइफ लाइन बनने के साथ ही इन क्षेत्रों से पलायन रोकने, रोजगार को बढ़ावा देने तथा उद्योगों की स्थापना में भी मददगार होगी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस रेल लाइन से पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्थायें सुनिश्चित हो सकेगी। निजी क्षेत्र के सहयोग से अच्छे स्कूल व अस्पतालों की भी यहां उपलब्धता हो सकेगी। यह योजना धार्मिक पर्यटन के साथ ही पर्यटन के अन्य स्वरूपों को भी बढ़ावा देने में भी सहायक होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना से सम्बन्धित प्रत्येक जिले में सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने लोनिवि को ब्यासी–नरकोटा रोड पुल निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे रेलवे को भारी मशीनों के आवागमन हेतु काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने विद्युत विभाग को रेलवे द्वारा वांछित स्थानों पर विद्युत कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र द्वारा योग नगरी रेलवे स्टेशन ऋषिकेश के परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

## उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका का सीएम ने किया विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका 2019 का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब को बधाई देते हुए कहा कि इस स्मारिका में पूरे साल की गतिविधियों को सूक्ष्म रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस स्मारिका में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक गतिविधियों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब पत्रकारिता के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधियां और बढ़ती रहे, इसके लिए और प्रयासों की जरूरत है। सामाजिक जागरण में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा लोकतंत्र की सफलता में भी मीडिया की अहम भूमिका है। आम जनता का समाज के इस सशक्त माध्यम पर पूरा भरोसा एवं विश्वास है, इस भरोसे को बनाए रखना मीडिया की जिम्मेदारी भी है तथा अपनी विश्वसनीयता के साथ–साथ पत्रकारिता के मानदंडों को सदैव ऊंचा बनाए रखना होगा।




### जश्न मनाया

**संवाददाता** देहरादून। द पॉली किड्स स्कूल और ऑक्सफोर्ड स्कूल ऑफ एक्सीलेंस ने क्रिसमस सप्ताह में सांता क्लॉज के साथ रथ पर क्रिसमस और नए साल का जश्न शुरू किया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।